हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 23 अप्रैल 2024


तापमान
अधिकतम 36 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री


10 भाजपा महिला मोर्चा सम्मेलन में 300 से ज्यादा महिलाएं हुईं...





11 मतदाताओं को जागरूक करने कलेक्टर सहित जिले की ...






## खबर संक्षेप

### आज सरगी में संगी जहुरिया की प्रस्तुति

**मगरलोड।** ग्राम सरगी में जातरा मेला का आयोजन 21 से 23 अप्रैल तक किया गया है। 21 अप्रैल को रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए रंगधारा छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी ओनवा धुरा की प्रस्तुति हुई। आज 23 अप्रैल को रात्रि में संगी जहुरिया छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी सुखरी डबरी जिला महासमुंद की प्रस्तुति होगी।

### मतदान सभी का मौलिक और संवैधानिक अधिकार : प्रीतम

**धमतरी।** भाजपा महामंत्री प्रीतम साहू ने देश के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि राष्ट्र हित, विकसित भारत, भारत को विश्व गुरु बनाने, भारत को विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए मतदान अवश्य करें। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के महापर्व में सभी को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। लोकतंत्र की नींव मताधिकार पर ही रखी जाती है। मतदान सभी का मौलिक और संवैधानिक अधिकार है। एक अच्छे समाज और राष्ट्र की स्थापना के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें।

### मेनोनाइट स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

**धमतरी।** मेनोनाइट उमावि में प्राचार्य एच.चौधरी ने कक्षा 6वीं, 7वीं, 8वीं, 9वीं एवं 11वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया। कक्षा 11वीं का परीक्षा परिणाम 91.66 प्रतिशत रहा। कक्षा 9वीं का परीक्षा परिणाम 61.62 प्रतिशत रहा। कक्षा 6वीं, 7वीं, 8वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्राचार्य ने अपने संबोधन में सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए अपने कर्म पथ पर चलते रहने की प्रेरणा दी।

### हनुमंत बैंक का उद्घाटन आज

**धमतरी।** शिव चौक के ब्रम्ह चबूतरा स्थित पंचमुखी हनुमंत धाम हनुमान मंदिर में बाल हनुमान समिति के बच्चों द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ आज 23 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव पर पूर्ण हो जाएगा। इस शुभ दिवस पर समिति द्वारा हनुमंत बैंक खोला जा रहा है। इस बैंक में रुपये पैसे या दान जमा नहीं होंगे। केवल राम नाम जमा किया जाएगा। समिति के संजू नागवानी, मयंक यादव ने बताया कि बैंक का शुभारंभ सुबह 10 बजे समिति की सबसे कम आयु की सदस्य अन्वी मिश्रा ढाई वर्ष, अनन्या यादव तीन वर्ष एवं अहान बख्तानी चार वर्ष फीता काटकर करेंगे। एक साल की अवधि में अगले हनुमान जन्मोत्सव तक 51 लाख राम नाम बैंक में जमा करवाने का लक्ष्य रखा गया है। लक्ष्य पूरा होने के बाद समिति के सदस्य अयोध्या के प्रभु श्रीराम मंदिर में 51 लाख राम नाम अर्पित करेंगे।

रिक्त सीट से कई गुना ज्यादा मिले आवेदन

# सेजेस में एडमिशन पाने मची होड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

स्वामी आत्मानंद स्कूल में एडमिशन के लिए होड़ मची हुई है। गोकुलपुर, बठेना दोनों ही स्कूल में सैकड़ों आवेदन आ चुके हैं। पहली कक्षा में एडमिशन के लिए सबसे ज्यादा आवेदन मिले हैं। 15 मई तक लॉटरी निकालकर बच्चों को एडमिशन दिया जाना है।

जिले में 12 स्वामी आत्मानंद स्कूल (सेजेस) चल रहे हैं। इसमें से 10 इंग्लिश मीडियम है। कुरूद, चर्रा, गोकुलपुर, बठेना, भैंसमुंडी, कंडेल, भखारा, कुकरेल, आमदी और नगरी में इंग्लिश मीडियम स्कूल संचालित हैं। हटकेशर और सिंगपुर में हिन्दी मीडियम सेजेस संचालित है। हिन्दी मीडियम में तो ऑफलाइन आवेदन लिए जा रहे हैं। पहले आओ पहले पाओ सिस्टम से एडमिशन चल रहा है। इंग्लिश मीडियम में एडमिशन पाने लंबी कतार है। इन स्कूलों में एडमिशन की प्रक्रिया 10 अप्रैल से शुरू हो गई है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन लिए जा रहे हैं। इन स्कूलों में काफी कम सीटें रिक्त हैं। केवल पहली कक्षा में ही सभी खाली है। बाकी कक्षाओं में एक या दो सीटें ही रिक्त हैं। इन सीटों के लिए भी बड़ी संख्या में आवेदन आ रहे हैं। एडमिशन के लिए एप्रोच का दौर भी शुरू हो गया है। कई लोग पिछली खिड़की से अपने बच्चे का दाखिला कराने का जुगाड़ लगा रहे हैं।



### रिजल्ट आने के बाद 11वीं में एडमिशन

एडमिशन के लिए 10 अप्रैल से पोर्टल ओपन हो गया है। इसमें ऑनलाइन आवेदन लिए जा रहे हैं। 5 मई तक ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। इसके बाद आवेदनों की स्क्रूटनी होगी। स्क्रूटनी के 5 दिन के भीतर यानी 10 मई तक लॉटरी निकाली जाएगी। 15 मई तक एडमिशन की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। एडमिशन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी छात्रावास एवं प्राथमिकता वाले बच्चों को ऑफलाइन मोड में एडमिशन दिया जाएगा। वहीं 10वीं का रिजल्ट आने के बाद 11 वीं कक्षा में एडमिशन दिया जाएगा।

# राष्ट्रवाद की चिंता जो करेगा उसे एडजस्ट करने की जरूरत नहीं : अजय

- प्रधानमंत्री के आगमन के पूर्व भाजपाइयों ने ली प्रेसवार्ता
- 1 लाख लोगों की उपस्थिति की तैयारी में जुटा संगठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इससे एक दिन पहले सोमवार को भाजपाइयों ने प्रेसवार्ता ली। पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं कुरूद विधायक अजय चन्द्राकर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री पहली बार धमतरी आ रहे हैं। चुनावी सभा से बालोद जिला, चारामा, महासमुंद, राजिम, अभनपुर क्षेत्र के मतदाताओं को साधेंगे। 3 लाख से उपर लोग सभा में पहुंचेंगे। तैयारी अंतिम चरण पर है। प्रधानमंत्री का आगमन दोपहर 3 बजे होगा। श्री मोदी के आगमन से कार्यकर्ताओं और लोगों में उत्साह है। सभा में महासमुंद लोकसभा की प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी, कांकेर लोकसभा प्रत्याशी भोजराज नाग तथा रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल मौजूद रहेंगे। प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा तथा सहप्रभारी शंकर, पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू, जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस रैली की तैयारी को नजदीक से देख रहे हैं।

विधायक श्री चन्द्राकर ने बताया कि सभा में प्रधानमंत्री करीब 1 घंटे रहेंगे। सभा को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा प्रदेश अध्यक्ष भी संबोधित करेंगे। छग में धमतरी में सबसे बड़ा डोम बनाया गया है। भीड़ के लिए 5 लाख क्षमता का मैदान है। मंगलवार को धमतरी क्लोज डे है। उन्होंने शहर के लोगों को विशेष आमंत्रण देते हुए कहा कि व्यापारी, किसान आम लोग अधिक से अधिक संख्या में सभा में शामिल होने की अपील की। एक सवाल के जवाब में श्री चन्द्राकर ने कहा कि कांग्रेस में सिर्फ तीन स्टार प्रचारक हैं। मां, बेटा और बेटी। खड़गे को सुनने कांग्रेसी ही नहीं जाते। उन्होंने कहा कि दीपक बैज अपनी पार्टी को संभाल नहीं पा रहे हैं। महापौर, सांसद जैसे नेता और कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो रहे हैं। कांग्रेसी को भाजपा में एडजस्ट के सवाल पर विधायक श्री चन्द्राकर ने कहा कि भाजपा राष्ट्रवादी पार्टी है। राष्ट्रवाद की जो चिंता करेगा, उसे एडजस्ट करने की जरूरत नहीं है।

प्रेसवार्ता में भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा, पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू, जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, अनुराग अग्रवाल आदि मौजूद थे।



# हाइवा की ठोकर से मोपेड सवार तीन घायल, दो गंभीर

- अछोटा पेट्रोल पंप के पास हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

तेज रफ्तार हाइवा ने मोपेड को ठोकर मार दी। इस हादसे में मोपेड में सवार तीन लोग घायल हो गए। इनमें से दो लोगों को गंभीर चोट आई है।

मिली जानकारी के अनुसार केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम रोहित विश्वकर्मा पिता बिशेषर 18 वर्ष, ग्राम धनोरा थाना केरेगांव सरजूराम साहू पिता रमेश्वर 18वर्ष केरेगांव व लोकनाथ नेता मपिता कोमल 19 वर्ष तीनों टेंट लगाने का काम करते हैं। सोमवार को तीनों मोपेड में सवार होकर टेंट के काम से शहर की तरफ आ रहे थे। इसी दौरान नगरी रोड में ग्राम अछोटा स्थित पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार हाइवा के चालक ने मोपेड को जोरदार टक्कर मार दी। हाइवा की ठोकर से मोपेड सवार सड़क पर दूर जा गिरे। इस घटना में तीनों युवक घायल हो गए। दो युवकों के पैर में गंभीर चोट आई है। सूचना पर रक्तदान एम्बुलेंस की मदद से दो घायलों को व एक घायल को संजीवनी 108 से जिला अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद वार्ड में भर्ती कर युवकों का इलाज किया जा रहा है।



## आसमान पर छाये बादल तापमान 5 डिग्री गिरा

**धमतरी।** सोमवार को तापमान में 5 डिग्री की गिरावट आई है। आसमान में बादल छाने और नमीयुक्त हवाओं ने लोगों को भारी गर्मी से राहत दिलाई है। मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आगामी 2 दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट आ सकती है। प्रदेश में मेघ गर्जन एवं अंधड़ चलने की गतिविधियां जारी रहेंगी। प्रदेश के एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा की संभावना है। वहीं एक दो स्थानों में गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है। सिनोप्टिक सिस्टम में एक द्रोणिका दक्षिण छग से विदर्भ, मराठवाड़ा के ऊपर स्थित चक्रीय चक्रवात तक एवं कर्नाटक होते हुए दक्षिण केरल तक समुद्र तक से 0.9 किमी की ऊंचाई पर मौजूद हैं। आगामी दो दिनों के बाद गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा की स्थिति बन सकती है।

# 3860 अधिकारी-कर्मचारियों को 70 मास्टर ट्रेनरों ने दिया प्रशिक्षण

- अंतिम चरण का प्रशिक्षण सेंट मेरी स्कूल और मेनोनाईट स्कूल में हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत 26 अप्रैल को लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा धमतरी और कुरूद तथा लोकसभा क्षेत्र कांकेर के विधानसभा सिहावा में मतदाताओं द्वारा वोट डाले जायेंगे। इसके मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी के निर्देश पर पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी 1, मतदान अधिकारी 2 और मतदान अधिकारी 3 के तीसरे चरण का प्रशिक्षण स्थानीय सेंट मेरी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल और मेनोनाईट सीनियर सेकेण्डरी स्कूल धमतरी में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में मतदान सामग्री, मतदाता सूची की चिन्हित प्रति, मतदाता पर्ची, मतदान सामग्री सीलिंग, मतदान पूर्व की तैयारी, एएसडी सूची, मतदान सामग्री सीलिंग, मतदान पूर्व की तैयारी, मतदान अभिकर्ता, ईवीएम को जोड़ना, मॉक पोल, सील करने की सामग्री, ईवीएम और वीवीपैट को सील करना सहित पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक-1, मतदान अधिकारी क्रमांक-2 और मतदान अधिकारी क्रमांक-3 के दायित्वों की जानकारी दी गई।

गौरतलब है कि सेंट मेरी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के विधानसभा धमतरी और कुरूद तथा मेनोनाईट सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में कांकेर लोकसभा क्षेत्र के तहत विधानसभा सिहावा के मतदान दलों के कुल 3860 अधिकारी, कर्मचारियों को 70 मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इनमें मेनोनाईट सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में मतदान दल के 1408 और सेंट मेरी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में 2452 अधिकारी, कर्मचारी शामिल हुए।



**पीएम कार्यक्रम के लिए पुलिस ने बनाई पार्किंग व रूट चार्ट**


**मालवाहक वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित**

# अंबेडकर चौक से श्यामतराई बाईपास तक वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

प्रधानमंत्री के श्यामतराई प्रवास के दौरान हाईवे सहित बाईपास में सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाया गया है। वहीं पुलिस ने पार्किंग व रूट चार्ट बनाया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मंगलवार को जिले के ग्राम श्यामतराई में प्रवास हो रहा है। कार्यक्रम के लिए यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से 23 अप्रैल को सुबह 6 बजे से लेकर कार्यक्रम समाप्ति तक राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 अंबेडकर चौक से श्यामतराई बाईपास तक सभी प्रकार के वाहनों के आवागमन को प्रतिबंधित रखा गया है। यात्री वाहनों के लिए रायपुर, धमतरी से कांकेर की ओर एवं कांकेर से धमतरी-रायपुर की ओर आने वाले वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किया गया है। रायपुर से कांकेर की ओर जाने वाले यात्री वाहन संबलपुर बाईपास से श्यामतराई बाईपास होते कांकेर जायेंगे। दुर्ग से धमतरी एवं रायपुर की ओर आने-जाने वाले यात्री वाहन संबलपुर बाईपास से मुजगहन बाईपास होकर जाएंगे। इसी रूट से वाहन रायपुर व धमतरी शहर की ओर आएंगे। इसी तरह सभी प्रकार के मालवाहक वाहनों का मंगलवार की सुबह 6 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक शहर में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। कांकेर की ओर से आने वाले मालवाहक वाहन गुरूर से बालोद होकर रायपुर की ओर जा सकेंगे। उड़ीसा-बोराई की ओर से आने-जाने वाले मालवाहक वाहन दुगली, मगरलोड, कुरूद होकर रायपुर जाएंगे।



### सभास्थल पर इन वस्तुओं पर लगा प्रतिबंध

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के दौरान सभास्थल पर बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू, गुटखा व पान मसाला प्रतिबंधित रहेगा। इसी तरह चाकू, कैंची, कटर, नेलकटर, पिन, आलपिन, पेचकस आदि धारदार वस्तुएं बैन रहेगी। सभास्थल तक पानी बोतल, कोल्डड्रिंक्स कैन, सभी बोतलबंद ज्वलन सामग्री नहीं ले जा सकेंगे। खाने-पीने की चीज टिफिन, डिब्बा, थैला व काला कपड़ा को प्रतिबंधित किया गया है।

### पार्किंग में अपना वाहन खड़ा करेंगे

कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले व्हीआईपी के लिए निर्धारित पार्किंग एवं रूट व्यवस्था के तहत सभी व्हीआईपी संबलपुर बाईपास से अर्जुनी मोड़, सिहावा चौक, घड़ी चौक व अंबेडकर चौक होकर नई कृषि मंडी मोड़ के आगे बनाई गई पार्किंग में अपना वाहन खड़ा करेंगे। वापसी के दौरान श्यामतराई बाईपास से अपने गंतव्य के लिए प्रस्थान करेंगे। वहीं शासकीय वाहनों के लिए पब्लिक प्रवेश द्वार एवं व्हीआईपी पार्किंग के पहले दायीं-बायीं पार्किंग व्यवस्था निर्धारित की गई है।


**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969


एक आरोपी पकड़ाया, अन्य की तलाश जारी

# खुलेआम गुंडागर्दी : पान दुकान में तोड़फोड़ कर दुकानदार पर किया चाकू से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शादी कार्यक्रम में पहुंचे युवकों ने मामूली बात को लेकर गुंडागर्दी करते हुए पान दुकान में तोड़फोड़ कर बटंची चाकू से संचालक पर हमला कर दिया। इस हमले में चार लोग घायल हो गए हैं।

पुलिस के अनुसार रविवार की रात्रि सोनी परिवार का रामबाग में स्थित सोनकर समाज भवन शादी कार्यक्रम चल रहा था। शादी में शामिल होने बनियापारा के अमर सोनी, सौरभ सोनी अपने साथियों के साथ पहुंचे थे। इसी दौरान दोनों युवक रामबाग स्थित कन्हैया पान दुकान चले गए। जहां युवकों ने दुकानदार कन्हैया सोनकर से माचिस मांगी। दुकानदार ने युवकों को माचिस दे दी। उसके बाद दोनों युवक वहां से चले गए। कुछ देर बाद अमर सोनी व सौरभ सोनी ने अपने साथियों के साथ दोबारा पान दुकान व घर में जबरन घुसकर कन्हैया को गालियां व जान से मारने की धमकी देते हुए उससे मारपीट करना शुरु कर दिया। अमर सोनी ने दुकान में रखे थम्सअप की शीशी से कन्हैया पर हमला कर जेब से धारदार बटंची चाकू निकालकर ताबड़तोड़ हमला शुरु कर दिया। इस हमले से कन्हैया के दोनों हाथ, दाहिनी आंख, नाक व पीठ में चोट लगी है। युवकों ने कन्हैया के भतीजे बिट्टी सोनकर, भाभी ललिता सोनकर व विनायक सोनकर पर भी हमला कर उसे घायल कर दिया।

घायल के बड़े भाई बलराम सोनकर ने बताया कि शादी कार्यक्रम में पहुंचे युवकों ने घर व दुकान में घुसकर गल्ले में तोड़फोड़ कर चाकू से हमला किया है। घायल कन्हैया सोनकर की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी अमर सोनी, सौरभ सोनी उसके साथियों के खिलाफ धारा 294, 323, 427, 452, 506 के तहत अपराध दर्जकर विवेचना शुरु कर दी। घटना के दूसरे दिन घटना में शामिल एक युवक को पुलिस ने पकड़ लिया है। बाकी आरोपी की तलाश जारी है।




RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
वाहन है पर ड्राइवर नहीं है?
अपना ड्राइवर आज ही बुक करे
डेली या परमानेंट बेसिस पर
7837411411
www.rahultravels.com



online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप



### महानदी मुख्य नहर में बहते मिली लाश

**कुरुद।** महानदी मुख्य नहर में कन्हारपुरी के पास एक व्यक्ति की लाश पानी में तैरते मिली है जिसे पुलिस बाहर निकलवाकर मर्ग कायम कर जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह महानदी मुख्य नहर में कुरुद कन्हारपुरी के पास लोगों ने पानी में एक व्यक्ति की लाश बहते देखी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लाश को बाहर निकलवाया। इसकी पतासाजी करने पर उनके परिजन कुरुद पहुंचे जिसने ग्राम आनंदपुर थाना पुरूर निवासी सुरेंद्र पिता भगवानी राम साहू उम्र 42 साल के रूप में उसकी शिनाख्ति की। मर्ग कायम कर शव का पीएम कराया गया। मौत का कारण अभी पता नहीं चल पाया है।

### तालाब में डूबने से बालक की मौत



**अंवरी।** ग्राम भैंसबोड़ में तालाब में डूबने से 9 साल के बालक की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम भैंसबोड़ में मुंजूराम ध्रुवंशी पिता स्व. नोहरराम ध्रुवंशी के यहां शादी कार्यक्रम था। शादी समारोह में शामिल होने रूद्रकुमार धुरी पिता दिनेश धुरी उम्र 9 वर्ष निवासी सूरीघाट थाना तखतपुर जिला बिलासपुर भी अपने परिजनों के साथ आया था। बताया जाता है कि रूद्रकुमार 22 अप्रैल की सुबह 9.30 बजे अपनी दादी एवं अन्य रिश्तदारों के साथ तालाब में नहाने के लिए गया था जहां तालाब में डूबने से उसकी मौत हो गई।

### हनुमान जन्मोत्सव पर निकलेगी शोभायात्रा

**धमतरी।** विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल द्वारा आज दोपहर 3 बजे हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शोभायात्रा का आयोजन किया गया है। शोभायात्रा पुरानी मंडी हनुमान मंदिर से मां विंध्यवासिनी मन्दिर तक निकलेगी। इस संबंध में दल की बैठक भी हुई।

सम्मेलन को विधायक अजय चंद्राकर ने किया संबोधित

# भाजपा महिला मोर्चा सम्मेलन में 300 से ज्यादा महिलाएं हुईं शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री



ग्राम सिर्री में भाजपा महिला मोर्चा का विधानसभा स्तरीय सम्मेलन हुआ। मुख्य वक्ता अजय चंद्राकर विधायक कुरुद थे। अध्यक्षता आशु चन्द्रवंशी भाजपा विधानसभा प्रभारी ने की। अन्य अतिथि ज्योति चन्द्राकर महिला मोर्चा विधानसभा प्रभारी, भानु चन्द्राकर विधानसभा संयोजक एवं सिर्री मंडल प्रभारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष गौकरण साहू, मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र साहू, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सिर्री रश्मि साहू, भखारा मंडल अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पूर्णिमा साहू, मंडल प्रभारी पूजा साहू, जनपद सदस्य तामेश्वरी साहू, झागेश्वर ध्रुव, घनश्याम साहू, गुल्फीराम साहू, पूर्व सरपंच रति बंजारे, मंडल पदाधिकारी दुर्गा साहू, महिला मोर्चा महामंत्री भूमिका सिन्हा, पूर्व उपसरपंच विश्राम सिन्हा थे। मंच संचालन जनपद सदस्य लोकेश साहू सिर्री ने किया।

स्वागत भाषण महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रशिम साहू ने दिया। ज्योति चन्द्राकर, आशु चन्द्रवंशी, गौकरण साहू ने कार्यक्रम की विभिन्न जानकारियां दी। मुख्य वक्ता अजय चन्द्राकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के धमतरी आगमन के लिए सबको न्योता देकर उन्हें पुनः प्रधानमंत्री बनाने व रूपकुमारी चौधरी को सांसद बनाने की अपील की।

इस अवसर पर देवेन्द्र साहू, लेखराम सिन्हा, जागेश्वर सिन्हा, रामखिलावन साहू, गज्जू साहू, टकेश्वर चन्द्राकर, थानेश्वर तारक, बिमल साहू, तेजराम साहू, भोजराज चन्द्राकर, कमलेश चन्द्राकर, भूपेन्द्र सिन्हा, नोमेश साहू, इन्दु साहू, धनेश बंजारे, राजेन्द्र साहू, रूपेश्वर साहू, कामिनी साहू, संतोषी साहू, चित्रलेखा साहू, पूर्णिमा साहू सहित महिला मोर्चा की 300 से ज्यादा कार्यकर्ता सम्मिलित हुईं।

# केंद्र की योजनाओं से गरीबों के जीवन में आया बदलाव : अजय

- ग्राम करेली बड़ी के बाजार चौक में हुई भाजपा की सभा

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड



ग्राम करेली बड़ी के बाजार चौक में भाजपा की सभा हुई। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री एवं विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से आज गरीब समेत अन्य वर्ग के लोगों में जीवन में परिवर्तन आया है। केंद्र में मोदी की सरकार आने से लोगों के रहन-सहन में बड़ा बदलाव देखने को मिला। आज गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल समेत अन्य सुविधाएं पहुंची। केंद्र सरकार आज गरीबों को आवास दे रही है। लोग अब पक्के आवास में निवास कर रहे हैं। आवास में केंद्र और राज्य सरकार का 60 और 40 प्रतिशत योगदान होता है। नल जल मिशन से आज हर घर पानी पहुंचा। महिलाओं के रसोई घर को धुआं मुक्त करने उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर दिया गया। घर-घर शौचालय बनाया गया। 5 साल तक मुफ्त में चावल मिलेगा। जन धन खाता खोला गया। आयुष्मान कार्ड में फ्री में उपचार किया जा रहा है। राज्य सरकार किसानों को बोनस , महतारियों को 1 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दे रही है।इससे महिलाएं आत्मनिर्भर होंगी। उन्होंने आगे कहा कि देश में आज उर्वरकों के दाम अन्य देशों की अपेक्षा कम है। यह सब पीएम मोदी की वजह से हो रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरा।

मौके पर श्याम साहू, होरीलाल साहू, राजेश साहू, सन्तोष सोनी, हेमंत साहू, सरपंच डोमार साहू, उपसरपंच पदुम साहू, मुकेश साहू, दुलरवा साहू, दानेश्वर सिन्हा, तेजराम निषाद, गौतम, गोविंद साहू, खोमेंद्र साहू, कृपाराम साहू, रामदयाल साहू, जितेंद्र सोनी, तेजराम निषाद, मुकेश, श्यामलाल, पिंकी राव, त्रिवेणी, डोमेश, मिथिलेश समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अजा मोर्चा ने रूपकुमारी के पक्ष में किया जनसंपर्क




हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी को जिताने शनिवार को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नवीन मार्कण्डेय, जिलाध्यक्ष हरिशंकर सोनवानी एवं कुरुद मंडल अध्यक्ष विक्रम बंजारे ने जनसंपर्क कर मोदी की सरकार बनाने की अपील की। महासमुंद लोकसभा अंतर्गत आने वाले अनुसूचित जाति बाहुल्य गांव नवागांव, थूहा, बंगोली, बंजारी, खपरी, चड़मुरिया, भालूकोन्हा में भाजपा के पक्ष में माहौल बनाते हुए उक्त नेताओं ने बताया कि मोदी सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के कारण हमारा समाज भी समृध्दि की ओर अग्रसर है। हम सबको किसी एक दल का वोट बैंक न बनकर तीसरी बार मोदी सरकार बनाने में योगदान देना है ताकि विकसित भारत का सपना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देखा है, वह पूरा हो सके।

इस अवसर पर आशा रात्रे, नूतन घृतलहरे, विक्रम बंजारे, योगेश टंडन, किशोर कुर्रे, तिलक भारती, रुमान कुर्रे, नोरेंद कोसरिया व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# खर्रा में हनुमान जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा





- आज हनुमान जन्मोत्सव पर होगा हवन पूजन व आरती

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम खर्रा में श्रीराम हिंदू परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से तीन दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव एवं भव्य शोभायात्रा का आयोजन 21 से 23 अप्रैल तक रखा गया है। प्रथम दिवस श्रृंगार एवं अखंड रामायण का पाठ ग्रामवासियों द्वारा किया गया। द्वितीय दिवस सोमवार को संध्या 5 बजे डीजे की धुन पर भव्य शोभायात्रा श्रीराम हिंदू परिवार के द्वारा निकाली गई। श्रीराम भक्त डीजे की धुन में जमकर झूमते नजर आए। भगवा ध्वज लहराकर एवं भगवा वस्त्र धारण करके धूमधाम से शोभायात्रा निकालकर पूरे गांव में भ्रमण किया गया। इसमें श्रीराम हिंदू परिवार के सदस्य और ग्रामीण शामिल हुए। 23 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर सुबह 10 बजे से हवन पूजन, शस्त्र पूजन, आरती पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया जायेगा। पूजनकर्ता ग्राम नारी के पंडित दानेश्वर प्रसाद शर्मा होंगे।

मंगलवार को रात्रिकालीन कार्यक्रम के तहत भारत दर्शन जस झांकी एवं रामधुनी मंडली वृंदावन चौक भिंभौरी बेमेतरा की प्रस्तुति संध्या 7 बजे से आरंभ होगी।

# कमलचंद्र भंजदेव ने मगरलोड मंडल में किया चुनाव प्रचार



हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

मगरलोड मंडल के ग्राम कपालफोड़ी में महतारी वंदन योजना की लाभार्थी महिलाओं का बस्तर राजा कमलचंद्र भंजदेव ने सम्मान किया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि एक बार फिर मोदी की सरकार बनानी है। मोदी जी ने जितनी भी योजनाएं लागू की, अधिकतर महिलाओं के सम्मान को ध्यान में रखते हुए तैयार की। केंद्र सरकार की योजनाओं को विस्तारपूर्वक सभा में बताया। अपने बीच बस्तर महाराजा को पाकर महिलाएं खुश हुईं।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष विजय यदु, पूर्व मंडल अध्यक्ष शत्रुघन साहू, पूर्व जनपद सदस्य हिरंजय साहू, महिला मोर्चा महामंत्री भानुप्रिया साहू , प्रदेश महिला मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य नंदनी सिन्हा, डुमेशवरी साहू, रूक्मणि साहू, गायत्री साहू, तुलसी साहू, शक्ति केंद्र प्रभारी जीवराखन साहू, श्याम साहू, बूथ अध्यक्ष डीहू राम साहू, जीवराखन साहू समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यकर्ताओं ने प्रत्याशी भोजराज नाग के पक्ष में जनसमर्थन मांगा।

# भाजपा ने किया महिलाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



राज्य एवं केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ ले रही महिलाओं का सम्मान करने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अभियान चलाया। इसके तहत डोंगरडुला में महतारी वंदन सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया। महिलाओं ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

सिहावा विधानसभा मीडिया प्रभारी रामगोपाल साहू ने केंद्र सरकार की योजनाओं जैसे स्वच्छता अभियान, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, राशन कार्ड, पीएम आवास के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में सुकमा भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे का आगमन हुआ। तालियों की गड़गड़ाहट के साथ महिलाओं ने उनका स्वागत किया। श्री बारसे ने भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग को मतदान कर मोदीजी को एक बार फिर प्रधानमंत्री बनाने के लिए अपील की।

मौके पर महिला मोर्चा महामंत्री हेमलता साहू, चेलेश्वरी साहू, मण्डल उपाध्यक्ष सती मरकाम, विस्तारक रूपदास मरकाम ने सभी महिलाओं के माथे पर पीला चावल का तिलक लगाकर सम्मान किया। कार्यक्रम में संयोजक राजेन्द्र साहू, बूथ अध्यक्ष लच्छूराम नेताम, पेमन्त साहू, वार्ड पंच लीलाबाई साहू, कविता साहू, गेंदी बाई ध्रुव, उषा साहू, रामेश्वरी साहू, प्रेमवती ध्रुव, कमलाबाई साहू, दिनेश्वरी साहू, सुखंतीन यादव, लक्ष्मी निषाद, चेतना यादव, धनेश्वरी साहू, गायत्री तिवारी, लता ध्रुव, संतोषी साहू, पूर्णिमा साहू, पेमिन बाई साहू सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित थीं।

# रामपुर स्कूल में परीक्षा परिणाम घोषित



हरिभूमि न्यूज ⏭बगदेही(धमतरी)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में कक्षा नवमी एवं कक्षा ग्यारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा नवमी में प्रथम डाकेश कुमार, द्वितीय नेमिन, तृतीय गीतांजलि रहे। कक्षा ग्यारहवीं में प्रथम प्रियंका, द्वितीय रोशनी तृतीय डेमेश्वरी रहे। कार्यक्रम के अतिथि संस्था प्रमुख आरके बघेल, एचके साहू, आरके टंडन, केके वर्मा, बीके निषाद, जेके साहू, जीके साहू, डीके साहू, एस अग्रवाल, जे ध्रुव, पी शर्मा, एस साहू, एल सोन थे। प्राचार्य ने छात्रों को प्रेरक एवं मार्गदर्शक उद्बोधन दिय। एचके साहू ने आभार प्रकट किया ।

# मतदान से करें देश के लोकतंत्र को मजबूत : डॉ. जायसवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭आमदी




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी के निर्देश और सीईओ जिपं तथा स्वीप जिला नोडल अधिकारी रोमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी की प्रभारी प्राचार्य डा. श्रीदेवी चौबे के निर्देशानुसार तथा स्वीप प्रभारी डिगेश्वर अटल सहायक प्राध्यापक भूगोल, डॉ. गौकरण जायसवाल सहायक प्राध्यापक हिन्दी, प्रो. तरूण बैनर्जी सहायक प्राध्यापक राजनीति शास्त्र व अंकित बोधवानी सहायक प्राध्यापक वाणिज्य के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर डॉ. जायसवाल ने देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाने हेतु शत प्रतिशत मतदान करने के लिए छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जब हम निष्पक्ष, स्वतंत्र, निर्भीक होकर धर्म, जाति, वर्ग, सम्प्रदाय तथा बिना किसी दबाव के एवं अन्य किसी भी प्रकार के प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे तो हमारा लोकतंत्र और सुदृढ़ होगा।

स्वीप प्रभारी श्री अटल ने छात्र-छात्राओं को अपने आसपास के मतदाताओं को जागरूक करने तथा अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं का पूरा सहयोग रहा।

जिपं सीईओ ने सेक्टर अधिकारियों की बैठक लेकर दिए निर्देश

# मतदान केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में किसी राजनीतिक दल का कार्यालय नहीं होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा धमतरी एवं कुरूद तथा लोकसभा क्षेत्र कांकेर के विधानसभा सिहावा में 26 अप्रैल को मतदान होगा। इसके मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी के निर्देश पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव ने सेक्टर अधिकारियों की बैठक लेकर मतदान केन्द्रों में आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि चुनाव में अब कुछ ही दिन बाकी रह गए हैं, सेक्टर अधिकारी सभी तैयारी सुनिश्चित कर लें। उन्होने कहा कि सेक्टर अधिकारी आबंटित मतदान केन्द्रों में बुनियादी सुविधाओं बिजली, पानी, शौचालय, रेम्प, छाया, नेट कनेक्टिविटी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाये।

उन्होंने सेक्टर अधिकारियों से यह भी कहा कि मतदान दिवस को की जाने वाली सभी रिपोर्टिंग समय पर करें। उन्हें यह भी सुनिश्चित करने कहा कि मतदान केन्द्रों के 200 मीटर के दायरे में किसी राजनीतिक दल का कार्यालय नहीं होना चाहिए। सेक्टर अधिकारियों को अधिकृत वाहनों से ही ईवीएम मशीन ले जाने, मतदान दलों की सहायता, मतदान प्रतिशत की जानकारी भेजने, मतदान के बाद मतदान सामग्री जमा कराने, मतदाताओं के बीच ईवीएम एवं वीवीपेट के बारे में जागरूक करने, चयनित मतदान केन्द्रो में वेबकॉस्टिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने, संवेदनशील मतदान केन्द्रों में विशेष सतर्कता बरतने सहित उनके संपूर्ण दायित्वों के बारे विस्तार से समझाईश दी गई।



विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

लो वोटर टर्न आउट वाले मतदान केंद्रों में वोट का प्रतिशत बढ़ाने निकाली गई रैली

# मतदाताओं को जागरूक करने कलेक्टर सहित जिले की महिलाओं ने चलाई स्कूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



लो वोटर टर्न आउट वाले मतदान केंद्रों में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने एवं जिले के मतदाताओं को जागरूक करने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी के साथ बड़ी संख्या में महिलाओं ने स्कूटी चलाई। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिले में अनेक स्वीप गतिविधियां जैसे स्वीप रंगोली, कलश यात्रा, दीवार लेखन, नुक्कड़ नाटक, प्रहसन, पेंटिंग, मेहंदी सजाने सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी, परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने स्कूल रैली निकाली गई, जिसका नेतृत्व कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी ने किया। कलेक्टोरेट परिसर से निकाली गई मतदाता जागरूकता स्कूटी रैली अम्बेडकर चौक, रत्नाबांधा चौक, घड़ी चौक, सदर बाजार होते हुए विंध्यवासिनी मंदिर के पास सम्पन्न हुई। रैली के साथ ही साथ महिलाओं ने सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, उम्र 18 पूरी है, वोट देना जरूरी है, जिला धमतरी वोट सर्वोपरि, प्रजातंत्र की है पहचान, उंगली पर हो एक निशान, सशक्त लोकतंत्र में पहचान, सशक्त नारी, शत-प्रतिशत मतदान का नारा लगाया। इस मौके पर कलेक्टर ने जिलेवासियों से अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील की। रैली में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती जगरानी एक्का, परियोजना अधिकारी श्रीमती चित्ररेखा यादव, शैलेन्द्र गुप्ता सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

## महावीर जयंती पर किया भंडारा



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

महावीर जयंती पर भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया जिसमें नगर सहित आसपास के ग्रामीणों ने भोजन प्राप्त किया। आर्थिक स्थिति से कमजोर डमकाडीह निवासी रानी चतुर्वेदी पिता जगत चतुर्वेदी को विवाह के लिए एक दीवान, ड्रेसिंग एवं अन्य सामान भेंट किया गया।

कार्यक्रम में किशोर छाजेड़, राजेश नाहटा, मोहन नाहटा, मनोज विक्की छाजेड़, कुशाल चंद, गौतम चंद, भावेश, पारख, संजय भंसाली, हरीश मालू, अनिल वाधवानी, सन्नी छाजेड़ का योगदान रहा।

## मोदी को फिर से पीएम बनाने जनता से मांगा समर्थन



**नगरी।** नगर के जंगलपारा वार्ड क्रमांक 5, 6 एवं चुरियारा ग्राम में शक्तिकेंद्र सह संयोजक श्रीमती यशोदा साहू के साथ श्रीमती पिंगलाबाई साहू, डॉ घनाराम साहू, मनोज प्रजापति और श्रीमती कविता यादव ने डोर टू डोर जनसंपर्क किया। नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने जनता से वोट मांगा।




## प्राण-प्रतिष्ठा में शामिल होने पहुंच रहे श्रद्धालु

- पहले दिन मां शीतला का जलाधिवास और अन्नाधिवास संस्कार हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



दानीटोला स्थित मां शीतला मंदिर में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के पहले दिन जलाधिवास और अन्नाधिवास संस्कार हुआ। पुरोहित आचार्य रामप्रताप शास्त्री कोविद संस्थापक श्री आदि शंकराचार्य विद्यापीठ के सानिध्य में कार्यक्रम हुआ।

उल्लेखनीय है कि माता शीतला मंदिर में देवी मां के मूल स्वरूप के अतिरिक्त शिवजी परिवार की नवीन प्रतिमाओं का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह 24 अप्रैल तक चलेगा। पहले दिन सोमवार को सुबह 9 से 1 बजे एवं शाम 4 से 6.30 बजे तक चतुर्वेद पारायण, स्थापना, अग्नि मंथन, नूतन मूर्ति का कर्मकुटी संस्कार के बाद जलाधिवास, अन्नाधिवास हुआ। आचार्य रामप्रताप शास्त्री की देखरेख में ये सारे संस्कार कराए गए। मौके पर धीवर समाज के प्रदेश संरक्षक परमेश्वर फूटान, होरीलाल मत्स्यपाल, परगना अध्यक्ष नर्मदा जगबेड़हा, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष संध्या हिरवानी समेत बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

### आज होगा सुंदरकांड पाठ, संगीत संध्या भी

आज 23 अप्रैल को पंचवेदी पूजन, हनुमत अर्चन, हजार मोदक से सहस्त्रचिन अभिषेक, नूतन मूर्तियों, पुष्पाधिवास, फलाधिवास, घृताधिवास, शर्कराधिवास, वस्त्राधिवास, शैयाधिवास पूजन होगा। देर शाम को टाटानगर के सोनू शर्मा एवं उनकी टीम का संगीतमय सुंदरकांड पाठ, संगीत संध्या का आयोजन भी होगा।

### कल होगा जड़ी बूटियों से अभिषेक

मीडिया प्रभारी शैलेंद्र नाग ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तीसरे व अंतिम दिन 24 अप्रैल को होम यज्ञ, नूतन मूर्तियों का 185 दुर्लभ जड़ी बूटियों से महाअभिषेक होगा। इसके बाद स्वप्न संस्कार, कलश प्रतिष्ठा, नूतन मूर्तियों की प्रतिष्ठा, पूर्णाहुति, गोदान, दशदान, प्रथम दर्शन न्योछावर आदि संस्कार होंगे।

## कांग्रेस जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रही : होरीलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



भाजपा मेघा मंडल अध्यक्ष होरीलाल साहू ने कांग्रेस द्वारा महिलाओं को एक लाख रुपए सालाना देने का वादा और उसके लिए भरवाए जा रहे फार्म को झूठा और फर्जी बताया है। यह सिर्फ़ दिखावा है। कांग्रेस पार्टी पिछले 70 साल से देश की जनता से गरीबी हटाओ देश बचाओ वादा किया था। लेकिन गरीबी हटी नहीं बल्कि गरीबों को मिटा दिए। श्री साहू ने आगे कहा कि भूपेश सरकार ने वादाखिलाफी की। इन दिनों कांग्रेस के पास कोई मुद्दा ही नहीं है। केवल जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। जनता ऐसे लोगों को विधानसभा में करारा सबक सिखा चुकी है और अब लोकसभा चुनाव में भी सबक सिखाने जा रही है।




















माँ विंध्यवासिनी एवं
माँ अंगारमोती
की पुण्यधरा धमतरी में
हम सबके आदरणीय
प्रधानमंत्री
श्री नरेन्द्र मोदी जी
के आगमन स्वर्णिम क्षण का
आइये हम सब साक्षी बनकर
अभिनंदन करें...
आपका सेवक : प्रीतेश गांधी (छत्तीसगढ़)